Web site : www.krantisamay.com & epaper.krantisamay.com www.facebook.com/krantisamay1 www.twitter.com/krantisamay1

कांस्टेबल सस्पेंड

# हेड कांस्टेबल को कार से टक्कर मारने वाले बूटलेगर की जांच में लापरवाही करने वाले कांस्टेबल सस्पेंड

क्रांति समय
www.krantisamay.com
www.guj.krantisamay.com
www.epaper.krantisamay.com
www.rti.krantisamay.com

सूरत के नानपुरा इलाके में एक बूटलेगर द्वारा हेड कांस्टेबल को कार से टक्कर मारने के मामले की जांच में लापरवाही बरतने के कारण अठवालाइंस पुलिस स्टेशन के एक कांस्टेबल को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है।

**घटना का विवरण**

शुक्रवार देर रात नानपुरा के टीमलियावाड़ इलाके में वाहन चेकिंग के दौरान अठवा पुलिस के हेड कांस्टेबल काराभाई को बूटलेगर चितार्थ उर्फ चिंटू भरत रांडेरी ने अपनी कार से टक्कर मारने का प्रयास किया। पुलिस ने मौके पर ही आरोपी को पकड़ लिया।

पुलिस स्टेशन में भी आरोपी ने बेताबी दिखाते हुए पुलिसकर्मी को थप्पड़ मार दिया। इससे पहले भी चितार्थ रांडेरी के खिलाफ अठवालाइंस पुलिस स्टेशन में प्रोहिबिशन एक्ट के तहत केस दर्ज किया गया था। इस मामले की जांच कांस्टेबल साजिद को सौंपी गई थी, लेकिन कांस्टेबल साजिद ने जांच में लापरवाही बरती और आरोपी को समय पर गिरफ्तार नहीं किया।

> पुलिस विभाग ने एक कांस्टेबल को निलंबित कर दिया है, क्योंकि उसने बूटलेगर के खिलाफ उचित और गहन जांच नहीं की। बूटलेगर ने पुलिस को खुलेआम चुनौती दी थी, लेकिन इस मामले में संबंधित अधिकारी ने लापरवाही बरती।
> इस मामले में वरिष्ठ अधिकारियों ने पाया कि जांच प्रक्रिया में गंभीर चूक हुई है। बूटलेगर की हरकतें पुलिस की छवि को नुकसान पहुंचाने वाली थीं, लेकिन कांस्टेबल ने उसकी गतिविधियों पर सही समय पर कार्रवाई नहीं की।

**कड़ी कार्रवाई**

शहर के पुलिस आयुक्त ने इस लापरवाही को गंभीरता से लेते हुए कांस्टेबल साजिद को तुरंत प्रभाव से सस्पेंड कर दिया। उन्होंने कहा कि बूटलेगरों को संरक्षण देने वाले पुलिसकर्मियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

**आरोपी को कोर्ट में पेशी और जेल भेजा गया**

चितार्थ उर्फ चिंटू को पुलिस ने शनिवार को कोर्ट में पेश किया और तीन दिन की रिमांड की मांग की। हालांकि, कोर्ट ने रिमांड अर्जी खारिज कर दी और आरोपी को न्यायिक हिरासत में भेज दिया।

**घटना का परिणाम**

32 वर्षीय आरोपी चितार्थ ने वाहन चेकिंग के दौरान पुलिसकर्मी को कार से टक्कर मारने की कोशिश की और फरार हो गया। पुलिस ने उसे तुरंत गिरफ्तार किया। कोर्ट में उसने आरोप लगाया कि पुलिस ने उसे मारपीट की है।

इस घटना ने पुलिस विभाग में अनुशासन को लेकर सवाल खड़े कर दिए हैं, और आयुक्त ने सख्त निर्देश दिए हैं कि ऐसी लापरवाहियों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

# इंस्टाग्राम पर फेमस होने के लिए भाईगिरी का वीडियो बनाने वाले पांच युवकों को भेस्तान पुलिस ने गिरफ्तार

क्रांति समय
www.krantisamay.com
www.guj.krantisamay.com
www.epaper.krantisamay.com
www.rti.krantisamay.com

सूरत के भेस्तान क्षेत्र में इंस्टाग्राम पर फेमस होने के लिए भाईगिरी का वीडियो बनाने वाले पांच युवकों को भेस्तान पुलिस ने गिरफ्तार कर कानूनी चेतावनी दी है। इन पांच युवकों ने



फिल्मी स्टाइल में एंट्री मारकर सार्वजनिक रूप से सिगरेट और शराब की बोतल लेकर डांस किया था। इसके साथ ही एक युवक ने तलवार से केक काटकर मर्डर का सीन क्रिएट किया था। इस वायरल वीडियो के आधार पर पुलिस ने सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर कानूनी कार्रवाई की है।

इंस्टाग्राम पर वायरल हुए वीडियो में देखा जा सकता है कि युवकों ने फिल्मी स्टाइल में टू-व्हीलर पर एंट्री की थी। वे खुद को भाइलोग के रूप में दिखाते हुए नजर आए थे। इसके साथ ही एक युवक ने तलवार से केक काटकर दूसरे युवक पर चाकू से मर्डर का सीन क्रिएट किया था और एक अन्य युवक ने दूसरे के गले पर तलवार रखी थी। यह वीडियो मई 2022 में बनाया गया था, लेकिन हाल ही में सोशल मीडिया पर फिर से वायरल होने के बाद पुलिस ने कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है। वीडियो को ध्यान में रखते हुए भेस्तान पुलिस स्टेशन के अधिकारियों ने तुरंत ही युवकों को ढूंढने की कार्रवाई शुरू की थी। वीडियो के आधार पर जांच करते हुए यह पता चला कि ये युवक भेस्तान के उन्पाटिया इलाके में रहते हैं। पुलिस ने उनके पते पर जांच की और सभी आरोपियों को पकड़ लिया।

**पकड़े गए युवकों के नाम**

1. अज़हर उर्फ़ सोनू गुलाब पिंजारी (उम्र- 21), व्यवसाय- नौकरी, निवासी- बिसमिल्ला नगर, उन्पाटिया
2. जुनैद इरफान पिंजारी (उम्र- 19), व्यवसाय- नौकरी, निवासी- बिलाल नगर, उन्पाटिया
3. आफ़ताब सुपडू पिंजारी (उम्र- 19), व्यवसाय- मजदूरी, निवासी- बिलाल नगर, उन्पाटिया
4. रिज़वान यूसुफ़ पिंजारी (उम्र- 22), व्यवसाय- मजदूरी, निवासी- बिसमिल्ला नगर, उन्पाटिया
5. शुएब शमसुद्दीन पिंजारी (उम्र- 23), व्यवसाय: टेलर, निवासी- रेशम नगर, उन्पाटिया

इन युवकों को गिरफ्तार किया गया है।

**सभी के खिलाफ कानूनी कार्रवाई:**

आरोपी अज़हर और जुनैद के खिलाफ हथियारबंदी सार्वजनिक आदेश का उल्लंघन करने के आरोप में केस दर्ज किया गया है। जबकि अन्य तीन युवकों पर शांति भंग करने के लिए कानूनी कार्रवाई की गई है।

**युवकों ने माफी मांगी**

गिरफ्तारी के बाद सभी युवकों ने अपनी गलती के लिए माफी मांगी और कहा कि यह वीडियो पुराना था। उन्होंने पुलिस को यह वचन दिया कि वे फिर कभी ऐसे खतरनाक वीडियो नहीं बनाएंगे और लोगों को गुमराह नहीं करेंगे।

**पुलिस की चेतावनी**

भेस्तान पुलिस ने इस मौके पर सभी युवाओं से सोशल मीडिया पर सही और कानूनी तरीके से व्यवहार करने का आग्रह किया है। भविष्य में ऐसे वीडियो बनाते हुए पकड़े गए तो सख्त कदम उठाए जाने की चेतावनी दी गई है।

## सूदखोरों के खिलाफ अभियान

क्रांति समय
www.krantisamay.com
www.guj.krantisamay.com
www.epaper.krantisamay.com
www.rti.krantisamay.com

सुरत शहर पुलिस D.C.P ZONE-6 श्री राजेश परमार साहेब की अध्यक्षता में सूदखोरों के खिलाफ जनजागरूकता हेतु भेस्तान पुलिस स्टेशन द्वारा राहत सोसाइटी दादा कम्युनिटी हॉल, उं.पटिया में 28/1/2025 को शाम 4:00 बजे से लोक-संवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया था।

इस लोक-संवाद कार्यक्रम में उपस्थित थे सुरत शहर पुलिस D.C.P ZONE-6 श्री राजेश परमार साहेब, आई डिवीजन A.C.P श्री एन.पी. गोहिल साहेब, भेस्तान पुलिस स्टेशन के पी.आई श्री वी.एल. पटेल साहेब, सचिन जी.आई.डी.सी पुलिस स्टेशन के पी.आई श्री के.ए. गोहिल साहेब, सचिन पुलिस स्टेशन के पी.आई श्री पी.एन. वाघेला साहेब सहित जोन-6 पुलिस महकमे के अधिकारी। उन्होंने जनता से जाकर उनके सवाल सुने और सब्जी, पत्थर व अन्य व्यवसाय से जुड़े छोटे-बड़े व्यापारियों और स्थानीय नेताओं से संवाद किया। सूदखोरों द्वारा परेशान किए जाने या उच्च ब्याज दर वसूलने की सूचना पुलिस को देने की अपील की गई और ऐसे सूदखोरों के खिलाफ कार्रवाई करने का आश्वासन दिया।




पत्नी की भूल से पति की जान गई

# बिहार में पत्नी से अनजाने नंबर पर 2 लाख ट्रांसफर हुए, सूरत में पति ने दी जान, पत्नी ठगी का शिकार

क्रांति समय
www.krantisamay.com
www.guj.krantisamay.com
www.epaper.krantisamay.com
www.rti.krantisamay.com

सूरत में एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है, जहां पत्नी द्वारा अनजाने नंबर पर 2 लाख रुपये ट्रांसफर करने के बाद पति ने आत्महत्या कर ली। पत्नी ठगी का शिकार हो गई थी, और इसके चलते यह दुखद हादसा हुआ।

**घटना का विवरण**

बिहार के एक युवक ने हाल ही में अपनी पत्नी से अनजाने नंबर पर 2 लाख रुपये ट्रांसफर किए थे। यह रकम एक ठग ने पत्नी को धोखा देकर मांग ली थी। हालांकि, पत्नी को इसकी जानकारी नहीं थी कि वह ठगी का शिकार हो रही थी और उसने बिना सोचे-समझे पैसे ट्रांसफर कर दिए थे।

जब पति को इस बात का पता चला, तो वह बहुत परेशान हुआ और मानसिक तनाव में आ गया। इस घटना ने उसे गहरे शोक में डाल दिया। उसके मन में गुस्सा और निराशा भर गई और उसने अंततः आत्महत्या कर ली।

**पत्नी की स्थिति**

पत्नी ने बाद में पुलिस से संपर्क किया और इस ठगी की घटना की जानकारी दी। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है और ठग के खिलाफ कार्रवाई की जा रही है।

**नतीजा**

यह घटना यह दिखाती है कि ऑनलाइन ठगी का शिकार होने के बाद मानसिक दबाव और तनाव से बचने के लिए सही मार्गदर्शन और सहायता जरूरी है। ऐसे धोखाधड़ी मामलों में लोगों को सतर्क रहने की आवश्यकता है ताकि उन्हें भविष्य में इस तरह की समस्याओं का सामना न करना पड़े।

सूरत के सचिन इलाके में रहने वाले 31 वर्षीय युवक ने जहर पीकर आत्महत्या कर ली। बिहार में रहने वाली पत्नी की एक गलती की वजह से सूरत में रहने वाले पति को अपनी जान गंवानी पड़ी। पत्नी ने अनजान नंबर पर मोबाइल से पैसे ट्रांसफर कर दिए थे। इसके बाद जब उसने इस बात की जानकारी सूरत में रहने वाले पति को दी, तो दोनों के बीच इस मुद्दे पर झगड़ा हो गया। इसके चलते पति ने जंगल में जाकर जहरीला पदार्थ पी लिया और आत्महत्या कर ली।

युवक ने जहर पीकर की आत्महत्या

मिली जानकारी के अनुसार, सूरत के सचिन स्लम बोर्ड, डायमंड गेट के पास शांतिपार्क में रहने वाले 31 वर्षीय अनिल कुमार जगन्नाथ राय ने बीती शाम सचिन स्लम बोर्ड मंदिर के पास झाड़ियों में जाकर जहरीला पदार्थ पी लिया। उसे इलाज के लिए एक निजी अस्पताल ले जाया गया, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।

मृतक अनिल कुमार मूल रूप से बिहार का निवासी था। उसके परिवार में दो बेटे और एक बेटी हैं। पत्नी बेबी देवी और बच्चे बिहार में रहते हैं, जबकि अनिल सूरत में रहकर पंचर बनाने का काम करता था और परिवार का गुजारा करता था।

पत्नी ने अनजान नंबर पर पैसे ट्रांसफर किए

कुछ दिन पहले अनिल कुमार की पत्नी को एक अनजान नंबर से कॉल आया, जिसमें कॉलर ने कहा कि आपके खाते से 2 लाख रुपये ट्रांसफर हो गए हैं, कृपया इन्हें वापस कर दें।

पत्नी ने गलती से मोबाइल के जरिए अनजान नंबर पर पैसे ट्रांसफर कर दिए। इसके बाद उन्होंने इस बात की जानकारी सूरत में रहने वाले पति को दी। पत्नी की इस गलती को लेकर दोनों के बीच विवाद हुआ और इसके बाद पति ने यह कदम उठाया।

घटना के संबंध में सचिन पुलिस ने मामला दर्ज कर आगे की जांच शुरू कर दी है।

## नवागाम डिंडोली में कक्षा 7 के छात्र ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली।

क्रांति समय
www.krantisamay.com
www.guj.krantisamay.com
www.epaper.krantisamay.com
www.rti.krantisamay.com

नवागाम डिंडोली में कक्षा 7 के छात्र ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। स्कूल से घर आने के बाद छात्र ने कहा कि वह नोटबुक लेने जा रहा है और बाहर चला गया। वापस घर लौटने पर मां ने उसे घूमने-फिरने को लेकर डांटा और पिता को बताने की बात कही। इस पर छात्र ने आत्महत्या कर ली।

नवागाम केशवनगर में रहने वाले रोहीदास पाटिल मजदूरी का काम करते हैं। उनकी पत्नी आंगनवाड़ी कार्यकर्ता हैं और परिवार की आर्थिक मदद करती हैं। उनका 13 वर्षीय बेटा संकेत नगर प्राथमिक शिक्षा समिति के स्कूल में कक्षा 7 में पढ़ता था। सोमवार दोपहर स्कूल से घर लौटने के बाद संकेत ने अपनी बहन से कहा कि वह एक दोस्त के घर से नोटबुक लेने जा रहा है और साइकिल लेकर चला गया।

जब उसकी मां काम से घर लौटीं और संकेत को बाहर से आते देखा, तो उन्होंने उसे घूमने को लेकर डांटा और उसके पिता को फोन करने लगीं। संकेत ने फोन छीनने की कोशिश की, जिसमें फोन गिरकर टूट गया। इसके कारण डर के मारे संकेत ने घर के अंदर फांसी लगा ली।

उसे तुरंत फंदे से उतारकर इलाज के लिए सिविल अस्पताल ले जाया गया, लेकिन वहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मां की डांट और पिता के डर के कारण उसने यह कदम उठाया, ऐसा माना जा रहा है।

> **घटना का विवरण**
> नवागाम केशवनगर में रहने वाले मजदूर रोहीदास पाटिल का 13 वर्षीय बेटा संकेत नगर प्राथमिक शिक्षा समिति की स्कूल में 7वीं कक्षा में पढ़ता था। सोमवार को जब संकेत स्कूल से घर आया, तो उसने अपनी बहन से कहा कि उसे दोस्त के घर से नोटबुक लानी है और साइकिल लेकर चला गया।
> जब संकेत अपनी माँ के काम से घर लौटने के बाद वापस आया, तो उसकी माँ ने उसे बाहर घूमने और बेवजह घर से बाहर जाने पर डांटा। माँ ने गुस्से में कहा कि वह उसकी हरकतों के बारे में उसके पिता को फोन पर बताएंगी। संकेत ने फोन छीनने की कोशिश की, जिससे फोन गिरकर टूट गया।

## एकल रन 2.0 का आयोजन नौ फरवरी को प्रोमो रन में 250 लोगों ने लिया हिस्सा

क्रांति समय
www.krantisamay.com
www.guj.krantisamay.com
www.epaper.krantisamay.com
www.rti.krantisamay.com




सूरत,वनबंधु परिषद एवं युवा टीम द्वारा हाफ मैराथन एकल रन 2.0 का आयोजन नौ फ़रवरी को किया जाएगा। एकल रन के इवेंट चेयरमैन श्रीनारायण पेड़ीवाल ने बताया की एकल रन में सूरत के अलावा देश के अनेकों राज्यों से लगभग छ- हज़ार धावक भाग लेंगे। यह मैराथन 21, 10, 5 और 3 कि. मी. श्रेणियों में होगी। गत वर्ष सम्पन्न हुए इस इवेंट में एसोसिएशन ऑफ इंटरनेशनल मैराथन के सभी मानकों को सफलता पूर्वक पूरा करने के कारण इसे ए.आई.एम.एस. सर्टिफाईड का दर्जा हासिल है। मैराथन का आयोजन ५रन तो एजुकेट५ की थीम पर किया जाएगा एवं इसके माध्यम से वनवासी गांवों में एकल विद्यालय ला संचालन किया जाएगा।

मैराथन के पूर्व रविवार को प्रोमो रन का आयोजन किया गया। जिसमे 250 लोगों ने हिस्सा लिया। प्रोमो रन में एकल अभियान द्वारा देश के वनवासी क्षेत्रों में चलाये जा रहे साक्षरता अभियान संदेश दिया एवं लोगों को एकल रन 2.0 में जुड़ने के लिये प्रेरित किया।

